हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 26 अगस्त 2025

04 तरुण पुष्प हासे स्कूल में बच्चों ने मनाया पर्यावरण ...



07 फूलमाली समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिभा ...





## खबर संक्षेप

### बी-फार्मा और डी-फार्मा रजिस्ट्रेशन 28 तक

**सीहोर।** फार्मेसी कॉलेजों में बी-फार्मा और डी-फार्मा कोर्सेस में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। डायरेक्टोरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा पहले चरण के रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त से शुरू किए गए थे, जो 28 अगस्त तक चलेंगे। अभ्यर्थियों को कॉलेज चयन के लिए 29 अगस्त तक चॉइस फिलिंग करनी होगी। परीक्षा की मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा। मेरिट सूची 3 सितंबर को घोषित होगी और 6 सितंबर को सीट अलॉटमेंट जारी किया जाएगा। आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग 11 सितंबर तक करनी होगी।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित होंगी अनेक खेल गतिविधियां

**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रदेश के साथ ही जिले में विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन खेल कार्याक्रमों का उद्देश्य सभी बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों में फिटनेस के प्रति जागरुकता लाना तथा उन्हें फिट रहने के लिए सतत खेल एवं योग जैसी गतिविधियों से जोड़ना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को जिले में खेल गतिविधियां आयोजित करने के निर्देष दिए हैं। कार्यक्रम के तहत रस्साकस्सी, दौड़, रिले दौड़, मैराथन, चम्मच दौड़, योग, क्रिकेट, साइकिलिंग, पिट्ठू, खोखो, कबड्डी, बॉलीबॉल, रस्सी कूद, स्ट्रेचिंग चैलेंज, चैस, ब्रीदिंग एक्सरसाइज सहित अनेक खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम में जिले के बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी सहभागिता करेंगे। खेल गतिविधियों में सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल, कॉलेज, खेल संस्थाएं, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की सभी संस्थाएं तथा अन्य विभाग आदि भी सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर जिला स्तरीय खेल कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही बीज विक्रेता की रहेगी।

### छात्राओं ने कहा कॉलेज रोजाना बुलाकर पढ़ाई की जगह बैठा दिया जाता है लैब में

# महिला पॉलिटेक्निक में छात्राओं का भविष्य अधर में लटका, न किताबें और न ही लग रहीं क्लासेस

इस साल 60 छात्राओं ने प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है। उनका कहना है कि उन्हें तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने की उम्मीद थी, लेकिन कॉलेज का माहौल बिल्कुल विपरीत है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज एक बार फिर विवादों में आ गया है। इस बार मामला प्रथम वर्ष की छात्राओं से जुड़ा है। प्रवेश लिए हुए एक माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक कक्षाएं शुरू नहीं हुई हैं। न तो किताबें मिली हैं, न स्टेशनरी, और न ही कोई नियमित पढ़ाई हो रही है।

जानकारी के अनुसार इस साल 60 छात्राओं ने प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है। उनका कहना है कि उन्हें तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने की उम्मीद थी, लेकिन कॉलेज का माहौल बिल्कुल विपरीत है। छात्रा दिव्या, सुहानी, ललिता, वर्षा, दिशा, स्मिता, रामदेवी, नगीना, आशा और प्रवन्या ने बताया कि उन्हें रोज़ाना कॉलेज बुलाया जाता है और फिर लैब में बैठा दिया जाता है। पढ़ाई का कोई इंतज़ाम नहीं है।

#### किताबें और स्टेशनरी नदारद

प्रवेश के समय छात्राओं को आश्वासन दिया गया था कि उन्हें स्टेशनरी और किताबें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। लेकिन एक महीने बाद भी उन्हें कुछ नहीं मिला। छात्राओं का कहना है कि कॉलेज प्रशासन केवल उन्हें टालता है। उनकी चिंता है कि अगर क्लासेस शुरू नहीं हुईं तो उनका पूरा साल बर्बाद हो जाएगा।



#### छात्राओं के बीच गहरी नाराज़गी

छात्राओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज के शिक्षक दिनभर कॉलेज में रहते जरूर हैं, लेकिन पढ़ाने की जिम्मेदारी निभाते नहीं। प्रिंसिपल भी कॉलेज में नियमित रूप से मौजूद नहीं रहते। इससे छात्राओं के बीच गहरी नाराज़गी है। उनका कहना है कि ऐसी संस्था में कोई क्यों प्रवेश लेगा, जहां पढ़ाई ही न हो।

#### अनुसूचित जाति की छात्राएं प्रभावित

ज्यादातर छात्राएं अनुसूचित जाति वर्ग से आती हैं। उनका कहना है कि अगर उन्हें शिक्षा का अवसर सही तरीके से नहीं मिला तो उनके भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की है कि विभागाध्यक्ष विश्वास सर को हटाया जाए और तुरंत नियमित कक्षाएं शुरू कराई जाएं। छात्राओं ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलेज की वास्तविक स्थिति को सुधारने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि कॉलेज की लापरवाही से उनका करियर खतरे में पड़ रहा है। यदि स्थिति नहीं सुधरी तो उन्हें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

#### हॉस्टल की दुर्दशा

कॉलेज के हॉस्टल की स्थिति भी बेहद खराब बताई जा रही है। छात्राओं ने दबे स्वर में कहा कि छह माह से पानी की टंकी साफ नहीं हुई है। वार्डन पूजा मैडम एक माह के अवकाश पर हैं और उनका चार्ज किसी अन्य को नहीं सौंपा गया है। परिणामस्वरूप कोई उनकी समस्याओं को सुनने वाला नहीं है।

#### पुराने विवादों का रिकॉर्ड

पिछले एक साल का रिकॉर्ड देखें तो महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज लगातार विवादों में रहा है। हाल ही में स्टेनो प्रैक्टिकल परीक्षा में एक ही विषय में 25 छात्राओं को एक साथ असफल कर दिया गया था। इससे नाराज छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध दर्ज कराया था। इसके अलावा हॉस्टल में आत्महत्या, भोजन की गुणवत्ता और भवन रखरखाव से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं।

#### जानकारी लेकर बताता हूं

मैं अभी अवकाश पर हूं। क्लासेस चालू हो गई है, जानकारी लेकर और बताता हूं।

**चंद्रशेखर ढाबू,** प्राचार्य महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, सीहोर

# फूलों की वर्षा संग निकाली भगवान लव-कुश की शोभायात्रा, आस्था-उमंग में डूबा पूरा शहर






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर की सड़कों पर सोमवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान लव-कुश की जयंती पर कुशवाहा समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसने पूरे शहर का माहौल धार्मिक रंग में रंग दिया। तीर थामे भगवान लव-कुश की झांकी और रास्ते भर होती फूलों की वर्षा ने श्रद्धालुओं के मन में आस्था का ज्वार उमड़ा दिया।

**हनुमान मंदिर से हुआ शुभारंभ :** शोभायात्रा का शुभारंभ भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। यहां पूजन-अर्चन के बाद भगवान लव-कुश की झांकी बग्गी पर सजाई गई और पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यात्रा शुरू हुई। यात्रा के दौरान महिलाएं भजन-कीर्तन गाती हुई चल रहीं थीं, वहीं युवा डीजे की धुन पर झूमते नजर आए।

**प्रमुख मार्गों से गुजरी शोभायात्रा :** शहर के प्रमुख मार्गों इंग्लिशपुरा, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, मेन रोड, लिसा टॉकीज, तहसील चौराहा और शुगर फैक्ट्री चौराहा होते हुए यह शोभायात्रा लवकुश चौराहा स्थित धर्मशाला पहुंची। यहां सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का समापन सुंदर गार्डन में किया गया।

स्वागत में जुटे संगठन और समाज

पूरे मार्ग पर जगह-जगह सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। हरदौल लाला मंदिर के पास भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष सीताराम यादव और समाजसेवी अखिलेश राय मौजूद रहे। वहीं कोतवाली चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर व पार्षद दल ने भी श्रद्धा से स्वागत किया। शहरभर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर समाजजनों का अभिनंदन किया गया।

**करतबों ने खींचा ध्यान :** शोभायात्रा के दौरान अखाड़ों के कलाकारों ने अपने करतब दिखाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तलवारबाजी और पारंपरिक युद्ध कौशल के प्रदर्शन ने यात्रा को और भी आकर्षक बना दिया। बच्चे और युवा कलाकारों की इस प्रस्तुति को देखकर रोमांचित हो उठे।

#### समाजजन और वरिष्ठों की उपस्थिति

इस धार्मिक आयोजन में कुशवाहा समाज के वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। शोभायात्रा में कुशवाहा समाज के कई वरिष्ठजन और कार्यकर्ता शामिल हुए। समाज अध्यक्ष शुभम कुशवाहा, पूर्व पार्षद संतोष कुशवाहा, पूर्व पार्षद रामचंद्र पटेल, पार्षद प्रभा कुशवाहा, पार्षद पूर्णिमा दिनेश, पप्पी कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, पूर्व पार्षद पूनम कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर भगवान लव-कुश की जयंती को भव्यता प्रदान की।

#### आस्था और उत्साह का अदभुत संगम

भगवान लव-कुश की यह शोभायात्रा न सिर्फ धार्मिक आयोजन रही, बल्कि समाज की एकता और उत्साह का भी प्रतीक बनी। फूलों की वर्षा, भक्ति-गीत, करतब और सामाजिक एकजुटता ने इस जयंती को यादगार बना दिया।

# नकली नोटों की गड्डी देकर ठग ले गए असली गहने, वृद्धा की चीख-पुकार से गूंजा मोहल्ला

### बहकावे में आई वृद्धा, गहने लेकर चंपत हुए ठग

**सीहोर।** शहर के कस्बा क्षेत्र में हुई ठगी की घटना ने लोगों को दहला दिया। कस्बा निवासी वृद्धा रेशम बाई के पास एक महिला और दो पुरुष पहुंचे और बातों-बातों में उन्हें बहका लिया। उन्होंने हाथ में नकली नोटों की गड्डी थमाई और कहा कि यह रुपए उनके काम आएंगे। बहकावे में आकर रेशम बाई ने अपने कानों के कुंडल और मंगलसूत्र उन्हें दे दिए। ठग सामान लेकर मौके से रफूचक्कर हो गए और वृद्धा के हाथ सिर्फ नकली नोटों की गड्डी रह गई।

**रो-रोकर बुरे हाल, परिजनों ने देखे नकली नोट :** ठगों के जाने के कुछ देर बाद रेशम बाई ने नोटों की गड्डी अपने परिजनों को दिखाई। परिजनों ने जब ध्यान से देखा तो पाया कि सारे नोट नकली हैं। यह जानकर वृद्धा फूट-फूटकर रोने लगी और पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसी और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे और वृद्धा को ढांढस बंधाया। वृद्धा की आंखों से आंसू रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे, क्योंकि उनके जेवर उनकी जमा-पूंजी थे। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई।



#### पुलिस ने की पड़ताल शुरू, तलाश जारी

पीड़ित वृद्धा रेशम बाई ने तुरंत कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि ठगों द्वारा नकली नोट देकर गहने ले जाने की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों का सुराग तलाशने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वृद्धा को न्याय दिलाया जाएगा।

# नदियों में उतरकर कर रहे विरोध, बीमा राशि की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी

**सीहोर।** किसानों का जल सत्याग्रह छठवें दिन भी जारी है। किसान फसल बीमा भुगतान न मिलने के विरोध में कुलासी, पार्वती और पारवां नदी में धरना दे रहे हैं। समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में यह आंदोलन जिले के कई गांवों की नदियों में चल रहा है।



#### 5 साल से नहीं मिला फसल बीमा

किसानों का कहना है कि पिछले 5 सालों से सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। हालांकि एक भी बार बीमा राशि नहीं मिली। उनका आरोप है कि बीमा कंपनी और सरकार पेमेंट नहीं कर रही है। जबकि प्रीमियम हर साल काटी जा रहा है। किसानों के केसीसी खाते से हर 6 महीने में बीमा के प्रीमियम की कटौती होती है, लेकिन पूरा मुआवजा नहीं मिल रहा है।

#### आर्थिक स्थित बिगड़ रही

किसान दौलत सिंह मेवाड़ा और गोविंद सिंह सोनी ने बताया कि फसलें खराब होने के बाद भी बीमा राशि नहीं मिली है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। उनका कहना है कि सरकार और बीमा कंपनी उनकी मेहनत की कमाई का हक नहीं दे रही। आंदोलन के छठे दिन लसूडिया खास की पार्वती नदी में बैठकर किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि या तो सरकार केसीसी से बीमा राशि काटना बंद करे या फिर बीमा की पूरी राशि का भुगतान करे। किसानों का कहना है कि जब तक पूरी बीमा राशि नहीं मिलेगी, उनका जल सत्याग्रह जारी रहेगा।

### नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया प्राचीन गणेश मंदिर का निरीक्षण

# श्री चिंतामन गणेश मंदिर मेले स्थल सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में भी गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर पार्षद और क्षेत्रवासी ने मंदिर परिसर में निरीक्षण किया। यहां पर मेले में लगाए जाने वाले झूले, करीब 74 दुकानें आदि की व्यवस्था के अलावा स्थल की साफ-सफाई का निर्देश दिए।

27 अगस्त से शुरू होने वाले गणेशोत्सव की तैयारियां परिसर में शुरू हो गई है। शहर के एतिहासिक गणेश मंदिर पर 10 दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मेला स्थल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, नगर पालिका द्वारा अस्थायी चलित शौचालयों की व्यवस्था आदि की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने नगर पालिका व स्थानीय प्रशासन ने मेले की व्यवस्था के लिए उचित साफ सफाई आकर्षक लाइटें, झूले मेला स्थल पानी के टेंकरों की मेला चलने तक पर्याप्त पानी की व्यवस्था आदि के निर्देश दिए। वहीं मेले के आस-पास मंदिर के प्रंगाण में लगाई जाने वाली मिष्ठान, प्रसाद की दुकानों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखें, भक्तों को शुद्ध व ताजी खाद्य सामगी का विक्रय करें। मंदिर प्रांगण में गंदगी ना फैलायें।

इस साल मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित श्री व्यास के परिवार ने महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। दस दिवसीय महोत्सव में हर दिन भगवान गणेश का विशेष श्रृंगार और विशेष आरती की जाएगी, साथ ही 10 दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाएगा। पंडित श्री व्यास ने बताया कि गणेश महोत्सव की तैयारिया शुरू कर दी गई हैं। देवों के देव महादेव के पुत्र भगवान गणेश को सनातन धर्म में विशेष स्थान प्राप्त है, किसी भी मांगलिक या शुभ कार्य करने से पहले भगवान गणेश की स्तुति की जाती हैं। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे देश में मनाया जाएगा।

### जिले में अब तक 808.7 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 6.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 4, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 7, जावर में 12, इछावर में 0, भैरूंदा में 19, बुधनी में 5, रेहटी में 6.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 25 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 808.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 884.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 25 अगस्त 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 777.4, मिलीमीटर, श्यामपुर में 722.9, आष्टा में 628, जावर में 544.2, इछावर में 785.3, भैरूंदा में 798, बुधनी में 1129 तथा रेहटी में 1084.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप



### 43 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों सम्मानित

**सीहोर।** शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों के सम्मान समारोह कलेक्टर बालागुरू के. की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह अवसर न केवल विदाई का था, बल्कि समर्पित सेवाओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी था, जहां प्रशासन ने उन सेवकों को सम्मान के साथ विदा किया, जिन्होंने वर्षों तक शासन और समाज के हित में अपनी सेवा दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवक केवल शासकीय सेवा से निवृत हुए हैं, समाज सेवा से नहीं। सेवानिवृत शासकीय सेवाक एक नागरिक के तौर पर हमेशा समाज की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव है, यहां से एक नए जीवन की शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि अपने भावी जीवन को सक्रिय, स्वस्थ और सकारात्मक बनाएं। योग, संतुलित आहार और सुव्यवस्थित दिनचर्या को अपनाकर व्यक्ति न केवल स्वयं का, बल्कि पूरे परिवार और समाज का भी मार्गदर्शन कर सकता है।

**टीएल बैठक:** कलेक्टर बालागुरु के बोले-ड्राप आउट करने वाले विद्यार्थियों से सम्पर्क कर सुनिश्चित किया जाए प्रवेश

# पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता और टैक्स संग्रहण नगरीय निकायों और पंचायतों का बुनियादी काम है: कलेक्टर

बैठक में सभी जनपद सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ से कहा कि पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता नगरीय निकायों और पंचायतों का बुनियादी काम है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नियमानुसार किया जाना संभव नहीं है उन्हें फोर्स क्लोज किया जाए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक में सभी जनपद सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ से कहा कि पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता नगरीय निकायों और पंचायतों का बुनियादी काम है। इन संस्थाओं का काम सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए इस पर होने वाले व्यय की पूर्ति के लिए केवल शासन के अनुदान पर निर्भर नहीं रहें, बल्कि टैक्स संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और सीएमओ को निर्देश दिए कि वे वित्तीय वर्ष के लक्ष्य के अनुसार टैक्स संग्रहण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ऐसी पंचायते जहां व्यापरिक गतिविधियाँ अधिक हैं, वहां साफ-सफाई, पेयजल जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में टैक्स का निर्धारण कर टैक्स संग्रहण किया जाये।

कलेक्टर बालागुरू के. ने नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास के तहत आवासों के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित कर आवंटन की कार्यवाही के संबंध में सभी एसडीएम और सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में भूमि के अभाव को देखते हुए हितग्राहियों के लिए व्यक्तिगत भूमि आवंटन के स्थान पर बहुमंजिला भवन बनाये जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गणेश मंदिर मेले की व्यवस्था संबंधी निर्देश

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने गणेश चतुर्थी से सीहोर के श्री चिंतामण गणेश मंदिर पर लगने वाले दस दिवसीय गणेशोत्सव मेले के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि आयोजन में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे अपनी ड्यूटी समयपूर्व पहुंचकर पूरी मुस्तैदी से करें। उन्होंने आयोजन की तैयारियों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि मेले के दौरान पेयजल व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सा, सुरक्षा, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### शैक्षणिक संस्थाओं में एडमिशन संबंधी निर्देश

जिले के आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं डिग्री कालेजों में एडमिशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ड्राप आउट करने वाले विद्यार्थियों से सम्पर्क कर प्रवेश कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के छात्रों को जिले में स्थित उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए इन संस्थाओं और उद्योगों को जोड़ा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में 70 प्रतिशत, आईटीआई में 52 प्रतिशत तथा डिग्री कॉलेज में 77 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश हुआ है।

### मिट्टी की मूर्ति के उपयोग के लिए करें प्रेरित

बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मिट्टी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाए और गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव तथा महालक्ष्मी पूजन के दौरान मिट्टी से बनीं मूर्तियों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वन खंडों के व्यवस्थापन एवं वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाई जाए।

## राजपूत समाज की बड़ी बैठक, तीन घंटे में 25 लाख की भूमि सहित 48 लाख जुटाए



**भैरुंदा।** रविवार को सर्वमंगलम पैलेस में राजपूत समाज की एक बड़ी बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में समाजजनों ने संगठन और शिक्षा के लिए एकजुट होकर संकल्प लिया। बैठक की शुरुआत माँ भवानी एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात समाज की प्रगति और आने वाली पीढ़ी के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से शंकर सिंह इटारसी को राजपूत समाज का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके नेतृत्व और समाजहित में किए गए इस ऐतिहासिक योगदान का समाजजनों ने तालियों और नारों के बीच स्वागत किया। उनके अध्यक्ष बनने और भूमि दान की घोषणा से उनके गृहग्राम इटावा, इटारसी में भी खुशी का माहौल रहा। ग्रामीणों और समाजजनों ने मिठाई बांटकर व बधाइयां देकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। बैठके मे नवनियुक्त अध्यक्ष शंकर सिंह इटारसी ने समाज भवन के लिए मुख्यमार्ग पर स्थित आधा एकड़ भूमि दान करने की घोषणा की। इस भूमि की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये आंकी गई। इसके साथ ही समाज के अन्य सदस्यों ने सहयोग की भावना से आगे बढ़ते हुए 23 लाख रुपये की राशि की घोषणा की। इस प्रकार भूमि और राशि मिलाकर लगभग 48 लाख रुपये का संसाधन समाज भवन और छात्रावास निर्माण के लिए सुनिश्चित हुआ।

## सड़कों पर रहने को मजबूर गौवंश, नहीं है चिंता



**रेहटी।** गौवंश के लिए लाखों, करोड़ों रूपए खर्च करके गौशालाओं का निर्माण कराया गया, लेकिन इसके बाद भी ये गौवंश सड़कों पर रहने को मजबूर है। किसान एवं गौपालक भी गौमाताओं की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। सड़कों पर रहने को मजबूर ये गौवंश आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में मौत का शिकार भी हो रहे हैं। गौवंश के लिए रेहटी तहसील में कई गौशालाएं बनवाई गई, लेकिन इनमें भी सुविधाएं नहीं हैं। रेहटी नगर की सड़कों पर भी इनका डेरा रहता है। कई बार ये गौमाता दुर्घटनाओं का शिकार हो गईं तो वहीं इनके कारण कई लोग भी दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आए दिन ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इनको लेकर न तो स्थानीय प्रशासन कोई कारगर उपाय कर पा रहा है और ना ही इनकी चिंता है। गौपालकों ने भी उपयोग करके इन्हें सड़कों पर छोड़ दिया है। ऐसे में यह बड़ी चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खुद गौवंश को लेकर पहल कर रहे हैं, लेकिन यहां पर उनकी पहल भी फैल साबित हो रही है। आए दिन आए दिन दुर्घटनाओं के होने के कारण गोवंश के साथ-साथ आम आदमी भी दुर्घटना में घायल हो रहा है लेकिन इस और स्थानीय प्रशासन ध्यान देने को तैयार नहीं है स्थानीय प्रशासन को किसी बड़ी घर दुर्घटना का इंतजार है।

## विश्व हिन्दू परिषद का 61वां स्थापना दिवस मनाया




**भैरूंदा।** विश्व हिंदू परिषद का 61 वा स्थापना दिवस पर भैरूंदा नगर में संघ कार्यालय नर्मदा कुंज पर मनाया गया। इस स्थापना दिवस के मौके पर विभाग संगठन मंत्री भानु राजपूत ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की इसके पश्चात जिला मंत्री राजू भाई जाट ने बड़ी संख्या में आए हुए, सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा विश्व में रहने वाले सभी हिंदुओं के मान बिंदुओं एवं हिंदू धर्म की रक्षा के लिए विश्व हिंदू परिषद की स्थापना श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी के पावन पर्व पर हुई। स्वामी चिन्मयानंद जी के आश्रम संदीपनी साधनालय मुंबई मे विश्व भर के हिंदुओं की दिशा और दशा के चिंतन हेतु स्वामी चिन्मयानंद जी संघ के द्वितीय संघ चालक पूज्य श्री गुरुजी श्रीके एम मुंशी मास्टर तारा सिंह, पूज्य कुशल बकुला अपने सभी मत पंथ के पूज्य धर्माचार्यों एंव हमारे महान संतों के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन स्थापना हुई। जैसे भगवान श्री कृष्ण का जन्म धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उसी प्रकार विश्व हिंदू परिषद भी हिंदू मान बिंदुओं की रक्षा करने के लिए भारत माता को परम वैभव पर बैठने के लिए गौ माता की रक्षा करने के लिए हिंदू बेटियों की रक्षा करने के लिए समाज में समरसता के भाव पैदा करने के लिए अखंड भारत की परिकल्पना करते हुए स्थापना हुई। आज समाज में कई कुरीतियों कई भ्रांतियां पनप रही है उन सारी कुरीतियों को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है। संगठित हिंदू समर्थ भारत का नारा दिया, और सभी युवाओं को बजरंग दल में शामिल होने का आह्वान किया। आयोजन में जिला कोषाध्यक्ष अशोक शास्त्री जिला सहमंत्री धर्मेंद्र नागर, संयोजक राजदीप सोनी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका आरती ,जिला मातृशक्ति प्रमुख ममता बहन सेंगर, जिला बल उपासना प्रमुख गोलू खाती ,जिला गोरक्षा प्रमुख नितिन चौबे, प्रखंड अध्यक्ष दीपक, श्रीवास्तव प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख संजय चौहान, संयोजक दीपेश प्रदुम पावर, जितेंद्र पवार अमित वर्मा मौजूद रहे।

## तरुण पुष्प हासे स्कूल में बच्चों ने मनाया पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव




**भैरुंदा।** नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेण्डरी स्कूल में सोमवार को बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि बच्चों ने इस बार पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए। पारंपरिक मूर्तियों के स्थान पर मिट्टी, क्ले और फूल-पत्तियों का उपयोग कर स्वयं ही आकर्षक गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया।

विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि,वे इस वर्ष अपने घरों व समाज में मिट्टी के गणेश की ही स्थापना करेंगे। ताकि जल स्त्रोतों का प्रदूषण रोका जा सके और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल की जा सके। बच्चों ने समूह में मिलकर न केवल गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं, बल्कि सभी ने मिलकर पर्यावरण सुरक्षा और जल स्त्रोतों के संवर्धन की शपथ भी ली। कार्यक्रम में संस्था के संचालक आर. बी. मालवीय ने बच्चों की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि "आज की पीढ़ी यदि पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रही है, तो यह हमारे भविष्य के लिए सुखद संकेत है। बच्चों का यह प्रयास निश्चित ही समाज में एक सकारात्मक संदेश देगा।" उन्होंने बच्चों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया और सभी को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय प्रांगण में गणेश वंदना ने समस्त वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। यह आयोजन न केवल बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने का अवसर बना, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## रोटरी क्लब ने किया नवनियुक्त सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लंबे समय से रोटरी क्लब के द्वारा मानवता और समाजसेवा के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, वहीं पौधा रोपण अभियान के अलावा अब आगामी दिनों में संयुक्त रूप से रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी के तत्वाधान में शहर सहित आस-पास के क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर क्लब की बैठक का आयोजन किया गया था। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय सहित अन्य ने सोसाइटी के नव नियुक्त सचिव विपुल चांडक का सम्मान किया गया। इस मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में रघुनंद निगोदिया आदि का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जाएगी। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से कपिल अग्रवाल, भारत गुप्ता, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विजय शर्मा, अर्पित पालीवाल, कमर अहमद सिद्दीकी, हरीश शर्मा, अमर गुप्ता, अमित सोनी, अजय जैन, जोली कुरियन आदि शामिल थे।

**प्रतियोगिता में राधाकृष्ण बने बच्चों को किया पुरुस्कृत**

## नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हाथों से बनाई मिट्टी की प्रतिमाओं को घर-घर स्थापित करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



रविवार को वाल्मीकि बाल शिक्षा केंद्र के गायत्री मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी संस्कार केंद्र के बच्चों द्वारा मिट्टी के गणेश प्रतियोगिता एवं राधा कृष्ण झांकी का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों से मिट्टी के भगवान गणेश की प्रतिभाएं बनाई गई। प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस प्रतियोगीता में उपस्थित मातृशक्ति को जज करने को कहा करीब 30 प्रतिभाएं में से मात्र 3 विजेताओं को चुनना आसन नहीं था।

सभी की प्रतिमाएं सुन्दर और मनमोहक दिखाई दे रही थीं। फिर भी उपस्थित मातृशक्तियो के फैसले से तीन विजेताओं चुने और उन्हें पुष्कृत किया गया। वहीं नन्हें मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण बनकर आए। सभी उपस्थित मातृशक्तियो सेवा भारती समिति के सदस्यो के मन को आनंदित कर दिया। बच्चे राधा कृष्ण बने सुन्दर लग रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेंद्र शर्मा सेवा भारती समिति भैरूंदा ने की साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा ने बौद्धिक दिया, सेवा भारती समिति का उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार मिले, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार के सहयोग कर सामाजिक समरसता बढ़ाने धार्मिक कार्यों का आयोजन कर रहे हैं। नगर में चार केंद्र संचालित है जहां बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मरक्षा का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारी मातृशक्तिया प्रत्येक रविवार को भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किए जा रहे हैं और भारत माता की आरती का आयोजन भी किया जा रहा है। यह आयोजन धर्म के प्रति एकता सामाजिक समरसता के लिए किया जा रहा है।

इस दौरान कोषाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल सहकोषाध्यक्ष , रानी वर्मा जी,सेवा भारती की उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी जी, एवं भेरूंदा नगर के चारों संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं एवं नगर की माताएं, बहनें एवं सभी बच्चों ने अपनी ओर से बहुत ही अच्छा प्रयास किया। इन बच्चों को प्रथम पांच पुरूस्कार रमा मारूति शिशिर, प्रतिभा रितेश मकवाना, इंदुनितिन मालवीय, नीता अग्रवाल, उषा गुड्डू राठौर के सहयोग से प्रदान किये फिर गये। प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक प्रतिभागी बच्चों को सेवा भारती अध्यक्ष विजेन्द्र शर्मा द्वारा प्रदान किये गया।

## खेल सामग्री देख बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय माध्यमिक शाला महुआ खेड़ी (तकीपुर ) स्कूल में बिना सरकारी मदद के संसाधन जुटाकर विभिन्न खेल सामग्री जिनमें फुटबाल , हॉकी, हेंडबाल, वालीबाल , बास्केटबाल, खो -खो ,हाई -लाँग जंप ,फिसलपट्टी , झूले के लिए ग्राउन्ड आवासीय स्कूल सीहोर के वरिष्ठ पी.टी.आई अत्ताउल्लाह खान के कुशल मार्गदर्शन में तैयार कराए गए । सेवानिवृत्त पी.टी.आई अरुणा पारे ने कहा की समय - समय पर जरूर बच्चों के बीच आकर खेल के गुर सिखाऊंगी । शाला के शिक्षक सतीश त्यागी ने बताया कि खेल सामग्री उपलब्ध होने से बच्चों का अब और खेलने में मन लगेगा, इससे सीखने की प्रक्रिया में वृद्धि होगी एवं खेलो के कौशल विकसित होंगे। जिससे लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ पी.टी.आई अत्ताउल्लाह खान, सेवानिवृत्त पी.टी.आई सुश्री अरुणा पारे, शिक्षक सतीश त्यागी, गोवर्धन सिंह ,प्रार्थना गुप्ता, ईश्वर सिंह सिनोरिया ,सरिता ठाकुर एवं ग्रामवासी राजेश परमार, कालूराम भारती, सतीश परमार, युनुस खान एवं समस्त बच्चे उपस्थित थे ।

## नाले की विवादित भूमि का मामला, पुलिस बल रहा तैनात

# आखिर प्रशासनिक अमले ने बरसों से विवादित भूमि का किया सीमांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में रविवार को इमली स्टैंड स्थित नाले की विवादित भूमि को लेकर रविवार को प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में सर्वे नंबर 728 का सीमांकन किया। कार्रवाई के दौरान इमली स्टैंड से मंडी रोड जाने वाले रास्तों पर बैरिकेड लगाकर यातायात बंद कर दिया गया। सुरक्षा के लिए पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया।

### भूमि को लेकर ये है विवाद

*इस भूमि पर सालों पहले मंसूरी समाज द्वारा सामुदायिक भवन में निर्माण के लिए बीम और कॉलम खड़े किए गए थे, समाज का कहना है कि यह भूमि सरकारी है और वर्ष 1949 से इस पर उनका कब्जा है। उनका दावा है कि वर्ष 2012 में विधायक निधि से मिले 3 लाख रुपए से यहां निर्माण कार्य की शुरुआत की गई थी। दूसरी ओर, नीरज मालाकार ने इस भूमि को सर्वे नंबर 713 बताते हुए इसे अपनी निजी संपत्ति होने का दावा किया है।*

### राजस्व के रिकॉर्ड से ही स्पष्ट होगी

*अधिकारियों के अनुसार, प्रशासन द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगे की कार्रवाई में राजस्व के रिकॉर्ड और डॉक्यूमेंट के आधार पर ही स्थिति साफ हो पाएगी, वर्तमान में प्रशासन की निगरानी में पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है। सीमांकन टीम में तहसीलदार विनीत गोयल, गिरदावर डी.एल. अंसल, आरआई दुर्गेश राठौर, रामगोपाल दुबे, पटवारी जीतमल दांगी, राजेंद्र सिंह सोनगिरा और जितेंद्र मेवाड़े सहित पूरा राजस्व अमला मौजूद रहा, वहीं, पुलिस बल का नेतृत्व टीआई जितेंद्र मवाई और जीरापुर एसआई आदित्य सोनी ने किया।*

## बच्चे अपने परिश्रम, लगन और संकल्प का परिचय दे रहे

# फूलमाली समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर के 70 बच्चे होंगे सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

फूल माली समाज भोपाल क्षेत्र द्वारा रविवार को भोपाल के हिंदी भवन में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मैं नगर के कक्षा पांचवी आठवीं दसवीं बारहवीं के उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 70 प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित होंगे जिनको राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान राज्य मंत्री श्री टेटवाल कहा कि आज का दिन सम्पूर्ण सारंगपुर क्षेत्र के लिए गर्व और हर्ष का अवसर है। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थी, जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है, उन्हें भोपाल के लिए रवाना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह बच्चे न केवल अपने परिश्रम, लगन और संकल्प का परिचय दे रहे हैं, बल्कि अपने परिवार, गुरुजनों और सम्पूर्ण सारंगपुर की धरा का नाम भी रोशन कर रहे हैं। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इन होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान केवल बच्चों का नहीं, बल्कि उन सभी अभिभावकों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का भी है जिन्होंने उनकी प्रतिभा को निखारने और संवारने का कार्य किया है। मंत्री श्री टेटवाल ने प्रतिभावान बच्चों की बस की पूजा कर बस को भोपाल के लिए रवाना किया। इस अवसर पर फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद बागकुआ टंकी अध्यक्ष केलाश वर्मा महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद भैरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष सहित बच्चों के अभिभावक एवं अन्य समाज जन उपस्थित थे।

# लायंस क्लब उड़ान के शपथ विधि समारोह में नई टीम ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर



लायंस क्लब उड़ान की नवीन कार्यकारणी का शपथ विधि समारोह शनिवार को मंत्री गौतम टेटवाल , नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया, जोन चेयर पर्सन नितिन परिहार,शपथ अधिकारी लायन महेश मालवीय ,रीजन चेयर पर्सन सत्यनारायण पाटीदार, चार्टेड अध्यक्ष डॉ निशा गुदेनिया , निवर्तमान अध्यक्ष डॉ अतिब कुरैशी अध्यक्ष सीमा गोयल मंचासीन रहे । दीप प्रज्वल एवं ध्वज वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई । निवर्तमान अध्यक्ष अतिब कुरैशी ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के ब्यौरा रखा। डाक्टर अंजलि भदोरिया ने सचिव प्रतिवेदन रखा । शपथ विधि अधिकारी लायन महेश मालवीय ने उड़ान की नवीन कार्यकारणी में अध्यक्ष लायन सीमा गोयल, सचिव लायन रितु गर्ग, कोषाध्यक्ष लायन नीलम सक्सेना सहित नवीन कार्यकारणी को उनके दायित्व बता पूरी टीम को शपथ दिलाई । अपने पहले अध्यक्षीय भाषण में सीमा गोयल ने कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए कपड़े के बेग का उपयोग बढ़ाने के लिए संकल्पित हे वही हादसों को रोकने के लिए वाहनों में रेडियम लगवाएंगे। उड़ान लायंस क्लब को नवीन ऊंचाइयों पर पहुंचने का संकल्प लिया। नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया ने लायंस के कार्यों को सराह ओर सहयोग की बात कही । मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि नई ष्उड़ानष् को सफलता और सामाजिक सेवा के नए आयाम मिलें। उन्होंने कहा कि क्लब सेवा के लिए नगर को वाहन उपलब्ध करवाए । जो पीड़ित नागरिकों की सेवा में मददगार बने ।अन्य वक्ताओं ने लायंस क्लब के उद्देश्यों ओर कार्यों को विस्तार से बताया इसके इसके साथ ही नवीन टीम के द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिया गया।। वही 10 नए सदस्यों को उड़ान की सदस्यता दिलाई । इस अवसर पर श्रीराम गोयल ,पचोर लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र भदोरिया,चंचल मंगल ,पंकज गोयल, आयुष गोयल,पूर्व जोन चेयर पर्सन सुषमा गोयल,नीलू दुबे,रेणु विजयवर्गीय,बबीता जुलानिया,महेश शर्मा, भावना वर्मा, चिराग मोदानी ,मुकुल जैन, श्रीकांत विशंपायन, दीपक जुलानिया, आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चार्टर्ड अध्यक्ष लायन डॉक्टर निशा गुदेनिया एवं आदित्य शर्मा ने तथा आभार लायन कोषाध्यक्ष नीलम सक्सेना द्वारा व्यक्त किया।

# ई-अटेंडेंस को लेकर शिक्षक संगठनों की बैठक में की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार एवं शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से विभाग ने हमारे शिक्षक एप के जरिए ई-अटेंडेंस की शुरूआत की है। गत दिवस कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में तल्ख निर्देश दिए हैं कि ई-अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस देने सहित वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। इसी संबंध में शिक्षा जगत के 10 विभिन्न संगठनों के संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक राजगढ़ में आयोजित हुई। बैठक के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि वे ई-अटेंडेंस के विरोध में नहीं है लेकिन पहले एप की तकनीकी खामियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही विभाग यह सुनिश्चित भी करे कि उक्त एप से शिक्षकों का निजी डाटा लीक नहीं होगा। बैठक में तय हुआ कि संयुक्त मोर्चा पदाधिकारी आज 25 अगस्त को संयुक्त रूप से जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी बातों व मांगों से डीईओ को अवगत करते हुए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके उपरान्त आगामी रणनीति तय की जाएगी।

## दूसरों का जीवन बचाने 212 सेवाभावियों ने सहर्ष किया रक्तदान

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज संस्था द्वारा आयोजित किया गया था शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला अस्पताल में विभिन्न ग्रुपों के रक्त की कमी बनी हुई है। प्रशासन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रयास से लगाए जाने वाले रक्तदान शिविरों से इस कमी को पूरा करने में खासी मदद मिलती है। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय अंजनीलाल धाम मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

संस्था की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. दादा प्रकाशमणिजी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस शिविर में 212 सेवाभावी ने रक्तदान किया इनमें 161 पुरुष एवं 51 मातृ-शक्तियां शामिल रहीं। रक्तदान करने वालों में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े सदस्य, समाजसेवी, धार्मिक समितियों के सदस्य सहित नगर व जिले के अन्य प्रबुद्धजन शामिल रहे। शिविर में चिकित्सकों एवं नर्सों की विशेष टीम ने सुरक्षित वातावरण में रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई वहीं सभी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### रक्तदान से नहीं आती है किसी तरह की कमजोरी

*शिविर में उपस्थित चिकित्सकीय टीम ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई कमजोरी रक्तदानी को नहीं आती है बल्कि रक्तदान करने के कई लाभ होते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, एडीएम शिवप्रसाद मंडराह, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, संस्था जिला प्रभारी मधु दीदी, एडिशनल एसपी केएल बंजारे, जपं अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन नितिन पटेल, नपाध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, प्रताप मंडलोई, मोना सुस्तानी, प्रतापसिंह सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रमुख मधु दीदी ने दादी प्रकाशमणिजी के जीवनवृत्त पर भी प्रकाश डाला।*

# 27 को विराजेंगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश सजे पंडाल, प्रतिमाओं की बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार भादो शुक्ल चतुर्थी 26 अगस्त को दोपहर 1.54 बजे 27 अगस्त को दोपहर 3.44 बजे तक रहेगी। उदिया तिथि के चलते गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी और इसी दिन गणपति जी की स्थापना होगी। भगवान गणेश की स्थापना के शहर में जगह जगह पंडाल बनाना शुरू हो गए हैं। शहर में करीब 100 स्थानों पर झांकियों में गणेश जी की स्थापना की जाती है। घरों में स्थापित की जाने वालीं भगवान श्री गणेश की सुसज्जित प्रतिमाएं तिलकचौक स्थित बांके विहारी मार्केट पर मौजूद हैं।

# हिउस की बैठक संपन्न, लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में आगामी गणेश उत्सव, डोल ग्यारस एवं अनंत चतुर्दशी जैसे भव्य पर्वों को सफल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु हिंदू उत्सव समिति, सारंगपुर द्वारा बदलीपुरा हनुमान मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आरती उपरांत मंदिर धर्मशाला में शाम 8 बजे समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परंपरा अनुसार ही सभी पर्व मनाए जाएंगे। केवल अनंत चतुर्दशी चल समारोह की शुरुआत इस वर्ष व्यायामशाला वार्ड क्रमांक 1 से होगी। शोभायात्रा वाटकेश्वर किला गेट, सदर बाजार, जमा मस्जिद, बागकुआं, टंकी रोड, सिविल अस्पताल, आगरादूमुंबई रोड होते हुए न्यू बस स्टैंड से कालीसिंध पहुंचेगी, जहाँ गणपति विसर्जन के साथ आयोजन का समापन होगा।समिति ने नगरवासियों से उत्साहपूर्ण सहभागिता कर इस बार भी पर्व को और अधिक भव्य व अनुकरणीय स्वरूप देने की अपील की। बैठक में समाजों के अध्यक्ष, गणेश पांडाल समितियों के सदस्य, अखाड़ा प्रमुख एवं झांकी निर्माण समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जो सदस्य उपस्थित नहीं हो सके, उनसे समिति द्वारा संपर्क किया जाएगा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला सहित सुशील व्यास, प्रदीप सादानी, संजय विजयवर्गीय, अशोक साहू, अनिल बारकियां, शिव नारायण काका, वैभव पुष्पद, महेश पाटीदार,नवीन रुण्डवाल,शतीश राठौर,मोहित हाड़ा, धनसिंह पुष्पद, संतोष पुष्पद, बनारसी गिरजे, के.पी. शर्मा,नितेश मिश्रा, अमित दुबे, अनुज पुष्पद,मांगीलाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शांति समिति की बैठक संपन्न, त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



दृ-आगामी त्योहार गणेश उत्सव एवं मिलाद-उन-नबी को दृष्टिगत रखते हुए थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में झांकी आयोजक समितियों के पदाधिकारी, डीजे संचालक एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम सुशील सिंह, एसडीओपी मिनी शुक्ला एवं थाना प्रभारी ने उपस्थितजनों से कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाए जाएं। डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने तथा आयोजकों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी उपस्थित सदस्यों ने नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आपसी सौहार्द्र कायम रखने का आश्वासन दिया।

## प्राकृतिक खेती ही समृद्ध किसान और स्वस्थ समाज की आधारशिला

# ग्राम कूपा में किसान सम्मेलन, गौपालन और मुख्यमंत्री योजनाओं पर दिया विशेष संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा ग्राम कूपा में आयोजित किसान सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंत्री ने छोटी कन्याओं का पूजन कर भारतीय संस्कृति और परंपरा का संदेश दिया।अपने संबोधन में मंत्री गौतम टेटवाल ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौमाता का पालन कर उनके मल-मूत्र से तैयार खाद से खेतों की उर्वरता बढ़ती है और रसायन-मुक्त खेती संभव होती है। इससे किसानों को कम लागत में उत्तम अन्न प्राप्त होगा, जो उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और समाज को स्वस्थ बनाएगा। मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार गौपालन को बढ़ावा देने हेतु विशेष सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। महिला स्व-सहायता समूहों को गौपालन के लिए अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं। वहीं "एक बगिया माँ के नाम" योजना के अंतर्गत किसानों को फलदार बगीचे लगाने पर ऋण व सब्सिडी की सुविधा दी जाएगी। मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे जैविक खेती अपनाकर धरती माँ को प्रदूषण से बचाएँ, आत्मनिर्भर बनें और समाज को स्वस्थ जीवन दें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गिरिवर भंडारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश बेस बालू सिंह सहित मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## घर-घर शुरू हुआ जनसंपर्क अभियान

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आगामी सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक आयोजन को लेकर हिन्दू उत्सव समिति ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर पत्रक एवं पीले चावल देकर श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। स्टेडियम ग्राउंड पर विशाल पंडाल सजाया जा रहा है, जहां 29 अगस्त से 04 सितम्बर तक भव्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। इस अनुष्ठान को धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई विधि-विधान से सम्पन्न कराएंगे।।हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।


### टीम ने किया निरीक्षण

*सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को नर्मदापुरम से विशेष टीम नरसिंहगढ़ पहुंची। टीम ने स्टेडियम ग्राउंड पर बनाए जा रहे पांडाल, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं तथा अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया।*

## पर्यटन ग्राम कोटरा में बीएसएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

# चिड़ी खो अभ्यारण्य, प्राचीन गुफाओं सहित ग्रामीण परिवेश को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आजीविका मिशन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आजीविका मिशन के संगठन व ग्रामीण पर्यटन बोर्ड के समन्वय से ग्रामीण पर्यटन ग्राम कोटरा में रविवार को भोपाल के बीएसएस कॉलेज के 54 छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण वपर पहुंचा। इस भ्रमण का उद्धेश्य महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को ग्रामीण पर्यटन की गतितिविधियों व ग्रामीण परिवेष को प्रत्यक्ष रूप से रूबरू कराना था। सभी विद्यार्थियों द्वारा कोटरा के पहाड़ों पर टैकिंग, करवटिया गुफा, शैलचित्र, शेजधार झरने, ग्रामीण होम स्टे, शाका श्यामजी मंदिर, चिड़ीखो अभ्यारण्य का भ्रमण किया जिससे वे न केवल वन्य जीवन से रूबरू हुए बल्कि पुरातात्विक धरोहरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने ग्राम की भजन मंडली, मिट्टी के बर्तन बनाने की विधि, पशु हार श्रृंगार, खजूर की झाड़ी के आयटम गतिविधियों को करीब से जाना व गांव के हितग्राहियों से अपने अनुभव साझा किए। शैक्षणिक भ्रमण की संपूर्ण व्यवस्था व तैयारी ग्रामीण पर्यटन समिति कोटरा द्वारा की गई थी। इस भ्रमण के दौरान बीएसएस कॉलेज भोपाल की प्रोफेसर सुषमा तिर्केट, अमृता साहू, आशीष कौषिक, कोटरा सरपंच रामकन्या कुशवाह, पर्यटन समिति अध्यक्ष केदार सिंह, सचिव सीताराम, संगठन अध्यक्ष ममता, सुनील कुशवाह, नरेंद्र राठौर, मूलचंद, बापूलाल सहित अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

### भविष्य में आयोजित करेंगे ऐसे भ्रमण

आजीविका मिशन प्रबंधक आशीष कौशिक ने बताया कि पर्यटन ग्राम कोटरा में विद्यार्थियों का यह पहला शैक्षणिक भ्रमण था जिसे ग्राम में गठित पर्यटन समिति द्वारा पूर्ण करवाया गया। भविष्य में भी कोटरा में इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण आदि आयोजनों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### सीएम राइज स्कूल प्रदेश के टॉप 10 में शामिल

**आष्टा।** नगर के सांदीपनि सीएम राइज स्कूल ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्कूल को प्रदेश के टॉप 10 स्कूलों में शामिल किया गया है। प्रदेश के 12 श्रेष्ठ स्कूलों की सूची में आष्टा का यह स्कूल 11वें स्थान पर आया है। सत्र 2024-25 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में स्कूल के दो विद्यार्थियों गोविंद मालवीय और नकुल प्रजापति ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया। इसी के चलते स्कूल को यह सम्मान मिला है। स्कूल प्राचार्य सितवत खान और शिक्षकों ने मेहनत की। अतिरिक्त कक्षाएं चलाईं। लाभ छात्रों को मिला। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार ने इस उपलब्धि को आष्टा के लिए गर्व की बात बताया।

### नियाज उद्दीन पठान मप्र अध्यक्ष पद पर नियुक्त

**आष्टा।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष होशिला प्रसाद दुबे ने नियाज उद्दीन पठान को मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों, मानवाधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका और समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए की गई। नियुक्ति पर प्रदेश प्रभारी नजरद्दीन पठान, अब्दुल रऊफ खान लाला, हाजी इमरान खान, प्रदेश सचिव आयुष जैन, ओमप्रकाश राठौड़, जिला उपाध्यक्ष धीरज सिंह ठाकुर, शोभाल सिंह ठाकुर, ललकार सिंह, मनोहर सोलंकी, बृजमोहन मालवीय, निदा हुसैन, हांजी फारूक बाबा, राजेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी।

### भाजपा के पहले पार्षद और समाजसेवी स्व. सुभाष भावसार के नाम हुआ मार्ग

# परिषद की बैठक में विधायक की उपस्थिति मे परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य ने की थी घोषणा

भाजपा के साथ साथ परिषद के कांग्रेसी पार्षदों ने मार्ग के नामकरण को लेकर बैठक में दी थी अपनी सहमति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




वरिष्ठ समाज सेवी सुभाष भावसार का बीते दिनों निधन हो गया था, तब ही से उनके नाम पर जावर की कोई भी स्थाई सम्रति का नामकरण करने के लिए आवाज उठ रही थी। इसी बीच जिला भाजपा की और से प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती ने जावर् नगर परिषद के मुख्य अधिकारी, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष के नाम पत्र जारी किया था, नगर परिषद की बैठक में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की उपस्थिति मे सर्व सहमति से नगर परिषद अध्यक्ष बहिन मंजू वैध द्वारा अपने विकास कार्यों के एजेंडे में वार्ड क्रमांक 12 के मुख्य बाजार मे मनीष रेस्टोरेंट के सामने चौराहे का नाम स्वर्गीय सुभाष भावसार के नाम से प्रस्तावित करने की बात कही थी। बाद मे एक और बैठक मे नगर परिषद अध्यक्ष बहन मंजू मनोज वैध व पार्षद वं नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान के अंतिम प्रयासो से वार्ड क्रमांक 03 या 06 मे स्व. सुभाष भावसार के नाम पर एक स्मृति स्थापित करने का प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया गया और अब मृत्यु के बाद अब स्वतंत्रता दिवस पर वार्ड क्रमांक 06 मे स्वर्गीय सुभाष भावसार के नाम पर एक मार्ग का नामकरण किया गया। अब श्री नाथ विहार कालोनी जाने वाला मार्ग अब स्व. सुभाष भावसार मार्ग के नाम से जाना जाएगा। सुभाष भावसार भारतीय जनता पार्टी के प्रथम पार्षद के रूप में वार्ड क्रमांक 12 से जीत कर आए थे। भाजपा के साथ साथ अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने नगर परिषद के ईमानदार कर्मचारी रहे सुभाष के लिए उठ रही इस आवाज का पुरजोर समर्थन किया। नगर परिषद जावर उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान ने बताया कि जावर नगर को आदर्श बनाने में उन्होंने अपनी सांसे न्योछावर कर दी। आज मैने अपने वार्ड मे उनके नाम पर एक मार्ग का नामकरण करके हमेशा के लिए उन्हे लोगो की सम्रतियों मे जीवित रखने का प्रयास किया है। मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर ने बताया कि भाजपा जिला परिवार द्वारा जो मांग रखी गई थी उसका मान रखने के साथ साथ यह पार्टी के एक सच्चे कार्यकर्ता के सम्मान का विषय है जो अब इतिहास मे अमर हो गया है।

जिला प्रवक्ता सुशील कुमार संचेती ने बताया कि जावर नगर की सामाजिक पृष्ठभूमि मे सुभाष का जो योगदान था। आज भाजपा और नगर परिषद जावर के सभी पार्षदों ने उसका ऋण चुकाया है। श्री राम मन्दिर समिति अध्यक्ष धीरज सिंह ठाकुर ने बताया कि आज जो सुभाष जी ने जावर में किया था उनको पूरी जावर की टीम ने एक सम्मान दिया इसके लिए मै नगर परिषद जावर् और नगर वासियों बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ। इस अवसर पर सभी नगरवासी, श्री नाथ विहार कालोनी के खुश होते दिखाई दिये। वही भावसार के परिवार ने जिला भारतीय जनता पार्टी के पूर्व और वर्त्तमान जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला मंत्री जीतेन्द्र गोड़, जिला प्रवक्ता सुशील संचेती, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, वर्त्तमान मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष बहन मंजू वैध, नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, सांसद प्रतिनिधि मनोज वैध को भावसार स्मृति स्वरुप सम्मान देने के लिए प्रस्ताव पारित करने वाले मेरे सभी भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टियों के पार्षदगणों का आत्मीय आभार करते हुए जावर नगर की सकल समाज वरिष्ठों एवं युवाओ का धन्यवाद दिया।

# करोड़ों की नाली में दरारें उखड़ गई सड़कें:शैलेश वैद्य

### नगर परिषद बनी भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर


नगर परिषद जावर में चल रहे चल रहे लगभग 3.50 करोड़ों के नदी पिचिंग कार्य में पूरी तरह से घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग हो रहा है। केवल नकली सीमेंट के पिलर बनाकर लगाई जा रहे हैं। किसी भी तरह का लोहा उपयोग नहीं किया जा रहा। 3:50 करोड़ की लागत से बन रहे नदी में पिचिंग का पिलर टूटकर गिर गया। तब पता चला कि उसमें लोहे का जाल ही नहीं है।

नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने मौके पर पहुंचकर हो रहे विकास कार्य की गुणवत्ता को देखा तो पूरी तरह से घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। ऐसा ही नवनिर्मित सड़कों में हो रहा है। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने बताया कि नगर में चल रहे विकास कार्य हमारे कार्यकाल के स्वीकृत थे वही कार्य चल रहे हैं। परंतु वर्तमान परिषद केवल शासकीय राशि का दुरुपयोग करके भ्रष्टाचार कर रही है। घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाना नगर की जनता के साथ धोखा है। शासन की राशि का दुरुपयोग भी जो निर्माण पिचिंग कार्य जावर के तालाब में होना था उसे पिचिंग को नदी पर लगाकर राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। लेकिन नदी पर भी अगर लगाया जा रहा है तो गुणवत्तापूर्ण लगाया जाए इतनी घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग न किया जाए। इसी तरह से नगर में दोनों और नाली निर्माण किया जा रहा है जिसकी लागत भी लगभग 3:30 करोड़ के बराबर है। लेकिन पूरी नाली कई जगह से टूट रही है। पूरी तरह से घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

धूल का उपयोग किया जा रहा है। चूरि का उपयोग किया जा रहा है, जो निर्माण कार्यों में नहीं किया जाना चाहिए ऐसा ही कई वार्ड में अभी नवनिर्मित सड़क बनाई गई है। जिस पर सीमेंट की जगह धूल डाल दिया गया। हालत यह है कि अभी से ही पूरी सड़क उखड़ गई है। जबकि उसे बने करीब 2 से 3 महीना ही हुआ है। ऐसा ही वार्ड क्रमांक 12 में नदी किनारे जो सड़क बनाई गई है वह पूरी तरह से घटिया निर्माण सामग्री से बनाई गई थी, जो अब उखड़ चुकी है। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि यदि जल्द ही गुणवत्ता में सुधार नहीं लाया गया तो हमारे द्वारा मुख्य बाजार गांधी चौक पर भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना आंदोलन किया जाएगा।

# 10 दिवसीय गणेश उत्सव की तैयारी: प्रतिमाओं का निर्माण कर मूर्तिकार दे रहे अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व में अब ज्यादा से समय नहीं रहा है पर्व को लेकर नगर में बड़े स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है शहर में बाजार सजना शुरू हो गए हैं गणेश प्रतिमाओं निर्माताओ ने भगवान गणेश जी की कई रूपों में सुंदर प्रतिमाएं तैयार की है और प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार भी मूर्तिकारों ने भगवान गणेश जी को लाल बाग के राजा, चिंतामन गणेश, खजराना गणेश के साथ ही श्री राम दरबार के साथ का स्वरूप दिया गया है। नगर के अलीपुर में मूर्तिकार दुर्गा पेंटर पिछले 45 वर्षों से भी अधिक समय से प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं उनके यहां 8 इंच से लेकर 9 फीट की ऊंचाई तक प्रतिमाएं बनाई जाती है। आष्टा नगर सहित आसपास के क्षेत्रवासियों द्वारा यहां पर प्रतिमाओं को लेकर स्थापना की जाती है। दुर्गा पेंटर बताते हैं कि उन्होंने इस बार गणेश उत्सव में सो के करीब प्रतिमाएं बनाई है और अब अंतिम रूप दे रहे हैं प्रतिमा 300 से लेकर 7000 तक की 8 इंच से लेकर 9 फीट तक की प्रतिमाये उपलब्ध है वहां आगे बताते हैं कि अभी तक वहां करीब 45 साल से मूर्तियां बनाने का काम कर रहे हैं इस काम में उनका पूरा परिवार साथ देता है गणेश उत्सव के बाद दुर्गा उत्सव की तैयारी में झुटना पड़ता है अभी तक वहां भोपाल, इंदौर, सीहोर आष्टा सहित कई जगह के आकर्षण सुंदर मंदिर भी बन चुके हैं।

# बाबा रामदेव के प्राकट्य दिवस पर नगर में हुए धार्मिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सामाजिक समरसता के प्रतीक, जन-जन के आराध्य, लोकदेवता बाबा रामदेवजी के प्राकट्य दिवस पर नगर के सभी रामदेव जी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात्रि तक धार्मिक आयोजन होते रहे। प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ी नजर आई।

नगर के सांई कॉलोनी स्थित बाबारामदेव मंदिर में भी पूजा-पाठ सहित धार्मिक अनुष्ठान हुए, जिसमें नगर की प्रथम नागरिक नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने साथियों सहित सहभागिता कर विधि-विधान से बाबा रामदेवजी की पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रभु से कामना की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि भगवान रामदेवबाबा ने छुआछूत के खिलाफ काम किया और गरीबों तथा जरूरतमंदों की सेवा की। उनकी जयंती पर हम सब उनके आदर्शों को याद करते हुए मानवता, एकता तथा परोपकार के रास्ते पर चलने का संकल्प लें। बाबा रामदेव जी कलयुग के साक्षात देवता है,चाहे राजस्थान हो या अपना मध्यप्रदेश उनका स्थान सबसे उच्चतम है। बाबा रामदेव मंदिर महिला मंडल द्वारा आयोजित व्यवस्थित धार्मिक अनुष्ठान की सराहना करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा कहा कि आज कोई भी क्षैत्र हो मातृशक्तियों की अहम भूमिका रहती है, चाहे धार्मिक आयोजन हो या सामाजिक सभी में महिलाएं अग्रणी रहती है। महिलाओं के बढ़ते कद का ही परिणाम है कि नगर में जहां महिला नपाध्यक्ष है तो देश के सर्वोच्च पद पर द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रही है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त तहसीलदार अमरसिंह राजपूत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पार्षद रवि शर्मा, तारा कटारिया, श्रीमती लता तेजपाल मुकाती, राजा पारख, साधना राय, मनोरमा बैरागी, मनोहर बैरागी, कुशलपाल लाला सहित अन्य श्रद्धालुजन मौजूद थे।

### कोई भी शिक्षक अपने शिष्यों का अहित नहीं करते: मुनिश्री सानंद सागर महाराज



**आष्टा।** श्री दिगंबर जैन समाज का दस लक्षण महापर्व पर्यूषण 28 अगस्त से शुरू होगा। पर्व की तैयारी के तहत नगर सहित क्षेत्र के सभी जिनालयों में भगवान की प्रतिमाओं का मूर्ति मंजन किया गया। रविवार 24 अगस्त को दोपहर 1 बजे किला मंदिर, श्री चंद्रप्रभु मंदिर गंज और अरिहंत पुरम अलीपुर में समाज के श्रावकों ने मूर्ति मंजन किया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज और मुनिश्री सजग सागर मुनिराज विराजमान हैं। अरिहंत पुरम में मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज के सानिध्य में पर्व मनाया जाएगा। मुनिश्री सानंद सागर ने आशीर्वचन में कहा कि आगम अनुसार चलने से सदगति मिलती है। पंचम काल में तीर्थंकर नहीं बन सकते। रावण ने सीता का हरण किया, इसलिए वह नर्क में है। कोई भी धर्म में जबरदस्ती नहीं कर सकता, न ही धर्म परिवर्तन करा सकता है। हर परिस्थिति का सामना करना चाहिए मुनिश्री ने कहा कि जैन धर्म सबसे प्राचीन है। पुण्य का समय चल रहा है। पहले के श्रावक विपरीत परिस्थितियों में भी हताश नहीं होते थे। हर परिस्थिति का सामना करना चाहिए। विष्णुकुमार मुनिराज की तरह एक मुनिश्री को सिद्धि प्राप्त थी। पुण्य के उदय में काम सिद्ध हो जाते हैं। जयपुर के मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां इतिहास में लिखा है कि जैन मुनियों को कोई परेशान नहीं करता। मुनिश्री सजग सागर ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देना जरूरी है। यह शासन का गलत निर्णय है। कोई भी शिक्षक अपने शिष्य का अहित नहीं करता। पहले स्वयं सुधरें, फिर बच्चों को सुधारें।


# शासकीय स्कूल में एक्जिजन क्लास का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय स्कूल धुराड़ा कला मे एक्टिजन क्लब का गठन किया गया। जिसमें कक्षा 9 वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया स्कूल प्राचार्य द्वारा चुनाव करा करके कार्यक्रम का आयोजन किया इस चुनावी गतिविधि के द्वारा बच्चों में से कक्षा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुना गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को मतदान की पूरी प्रक्रिया सिखाई जाती गई। एवं चुनाव कराकर बच्चो में से अध्यक्ष ओर उपाध्यक्ष चुना गया।इस पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों को मतदान चुनाव,और नेतृव की क्षमता की संपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। वहीं शाला परिवार के प्राचार्य संतोष कुमार ने बच्चों को मार्गदशित करते हुए बताया कि सरकारी स्कूलों में छात्रों के सर्वांगीण विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए यूथ एंड इको क्लब का गठन किया जा रहा है, इन क्लबों के माध्यम से छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जाता है, जिनमें खेलकूद,कला और शिल्प, वाद-विवाद,फैशन डिजाइनिंग और पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं, ताकि उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके और वे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। इस दौरान शिक्षकगण संतोष कुमार चौधन, प्राचार्य मधुसूदन जाटव, बीएल सोलंकी, लाड़सिह सोलंकी, मनोज कुमार जाटव ,संगीता मालवीय, ओम प्रकाश चौहान, शेक अनवर हुसैन, सुनील सिसोदिया, तिलक ठाकुर, हरिनारायण माहेश्वरी ,मानसिंह गोयल, रोहित मालवीय, मनोज कुमार मालवीय ,मोनिका ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस सप्ताह के तहत जन्माष्टमी से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम एक सप्ताह तक सतत चलेगा इस कार्यक्रम के तहत जावर प्रखंड में आज खंड स्तर पर जावर श्री राम मंदिर में स्थापना दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात खंड कजलास में स्थापना दिवस का कार्यक्रम हुआ। खजुरिया खंड में भी स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ समस्त कार्यक्रमों को प्रांत समरसता प्रमुख राजेंद्र सिंह टाक ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रेवा शंकर जाट ,जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर, मंत्री यशवंत सिंह ठाकुर , संयोजक अंकुर बिल्लौरे, सत्संग प्रमुख हटे सिंह ठाकुर, सुरक्षा प्रमुख विजेंद्र सिंह ठाकुर, गोरक्षा प्रमुख राजेंद्र सिंह ठाकुर, सह मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, सह संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह राणा, खजुरिया खंड अध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर, जावर नगर अध्यक्ष विशाल ठाकुर, उपाध्यक्ष गोविंद भाटी ,मंत्री राकेश धांधल ,संयोजक शिव प्रजापति एवं नगर एवं खंड एवं ग्राम इकाई के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री यशवंत सिंह ठाकुर ने किया।

### सिद्धिगंज थाना में शांति समिति की हुई बैठक, आगामी त्योहारों को लेकर की चर्चा

# किसी भी धर्म को ठेस पहुंचे, ऐसी पोस्ट या गलत टिप्पणी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं थाना सिद्धिगंज पुलिसकर्मी मौजूद रहे। आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में चर्चा की गइ्र। जिसमें ग्रामीणों को थाना प्रभारी राजू बघेल ने सूचित करते हुए बताया गया कि कोई भी किसी भी धर्म को लेकर किसी भी प्रकार के टिप्पणी या गलत पोस्ट शेयर ना करें। ताकि किसी भी धर्म को ठेस न पहुंचे। यदि कोई गलत पोस्ट या गलत टिप्पणी किसी भी धर्म के प्रति करता है तो हमारे द्वारा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शांति समिति में थाना प्रभारी द्वारा ग्राम के अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। कहा कि यदि ग्राम में कोई भी आसामाजिक तत्व व किसी भी प्रकार का नशा करके कोई भी उत्पाद या किसी भी प्रकार की घटना करता है, तो उसके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही बताया गया कि सिद्धिगंज थाना अंतर्गत जितने भी गांव आते हैं सभी गांव के लोगों को सूचित करते हुए बताया गया कि जो भी गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। वहां सभी स्थान सहित अध्यक्ष व सचिव मोबाइल नंबर सहित थाने में आवेदन देकर सूचना दे। ताकि हमारे पुलिस बल द्वारा विशेष ध्यान देकर उन जगहों का विशेष ध्यान दिया जाए और समय-समय पर रात्रि में गस्त की जा सके।

शांति समिति की बैठक में ग्राम के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। ताकि आगामी त्यौहार में किसी भी प्रकार की कोई घटना ना हो सके। शांति समिति की बैठक में क्षेत्र के आसपास के गांव के लोग व सिद्दीकगंज ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी राजू बघेल ने अनेक प्रकार की जानकारियां दी गई। इस दौरान सूरज परिहार खाचरोद चौकी प्रभारी द्वारा भी आगामी त्यौहारों को लेकर ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई।ताकि कोई किसी प्रकार की घटना ना हो सके। इस दौरान ग्राम के लक्ष्मी नारायण वर्मा भूतपूर्व सरपंच प्रतिनिधि, लाला खान, अरुण श्रीवास्तव, दिनेश पटवा, गोल्डी श्रीवास्तव, नरेंद्र राठौर, पंकज बगाना, अमर बगाना, संजय बागवान आदि ग्रामीण व थाना पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।